Seat No. : _______________

TG-104

B.A. Sem. - I
May-2013

Hindi : Core 101
(समकालीन हिन्दी कविता)

Time : 3 Hours] **[Max. Marks : 70**

सूचना : प्रश्न क्रमांक सही लिखें ।

1. **650** से **700** शब्दों में उत्तर दीजिए ।

(अ) धूमिल की 'बीस साल बाद' कविता का भावार्थ लिखते हुए उसमें निहित व्यंग्य स्पष्ट कीजिए । **7**

अथवा

'मोचीराम' कविता का कथासार लिखकर उद्देश्य पर प्रकाश डालिए ।

(ब) "दुष्यंतकुमार की ग़ज़लों में देश एवं आम जनता की पीड़ा को व्यक्त किया गया है ।" पठित गज़लों के आधार पर समझाइए । **7**

अथवा

'कहाँ तो तय था' ग़ज़ल में आज़ादी के पूर्व देखे सपने और बाद की स्थिति का वर्णन कीजिए ।

2. **650** से **700** शब्दों में उत्तर दीजिए ।

(अ) 'नींव की ईंट हो तुम दीदी' का संक्षेप में सार लिखकर उद्देश्य स्पष्ट कीजिए । **7**

अथवा

'मालिक आप नाहक नाराज हैं' कविता में शोषित वर्ग की संवेदना को अभिव्यक्त किया है । सोदाहरण समझाइए ।

(ब) 'नज़र ये किसकी लगी' का कथासार लिखकर उद्देश्य स्पष्ट कीजिए । **7**

अथवा

'दरख़्त बोले ख़िजा है कबसे ?' में निरूपित आम आदमी की पीड़ा का चित्रण कीजिए ।

3. (अ) **300** से **400** शब्दों में उत्तर दीजिए । **8**

(1) 'वो आग फेंक गये' का उद्देश्य ।

अथवा

'बसुला हमें दे दो' में क्रान्ति का स्वर ।

(2) 'दो हाथियों की लड़ाई' में निरूपित प्रतीकात्मकता ।

अथवा

'तिब्बत' कविता की संवेदना ।

(ब) संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए । **8**

(1) "यहाँ तक आते-जाते सूख जाती हैं कई नदियाँ,
मुझे मालूम है पानी कहाँ ठहरा हुआ होगा ।"

अथवा

"तुम्हारे पाँवों के नीचे कोई ज़मीन नहीं
कमाल ये है कि फिर भी तुम्हें यक़ीन नहीं ।"

(2) "लोहे का स्वाद
लोहार से मत पूछो
उस घोड़े से पूछो
जिसके मुँह में लगाम है ।"

अथवा

"वैसे हम स्वजन हैं, करीब हैं
बीच की दीवार के दोनों ओर
क्योंकि हम पेशेवर गरीब हैं ।"

4. **एक** या **दो** वाक्यों में उत्तर दीजिए । **12**

(1) 'बीस साल बाद' में तीन थके हुए रंगों और उन्हें ढोने वाला पहिया क्या है ?

(2) आदमी कब मर जाता है ? 'मरना' कविता के आधार पर बताइए ।

(3) दुष्यंतकुमार ने साहित्य के कौन-कौन से क्षेत्रों (विधाओं) में लिखा ?

(4) विषवृक्ष लगाने और सींचने का परिणाम कवि सुल्तान अहमद क्या बताते हैं ?

(5) धूमिल की कविता 'घर में वापसी' में पाँच जोड़ी आँखें कौन-कौन हैं ?

(6) कमीज़ न होने पर लोग पेट को कैसे ढँक लेते हैं ?

5. सूचनानुसार कीजिए । **14**

(अ) सही विकल्प चुनकर प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

(1) 'तिब्बत' कविता के लामा मंत्र न पढ़कर क्या फुस्फुसाते थे ?

(a) भूतान-भूतान (b) तिब्बत-तिब्बत

(c) गेंदा फूल - गेंदा फूल (d) कुछ भी नहीं

(2) सुल्तान अहमद की विशेष पहचान कविता के साथ किस क्षेत्र में है ?

(a) नाटक (b) कहानी

(c) काव्य-नाटक (d) ग़ज़ल

(3) दुष्यंतकुमार के प्रसिद्ध ग़ज़ल संग्रह का नाम बताइए ।

(a) एक कंठ विषपायी (b) दुहरी जिंदगी

(c) साये में धूप (d) धूप में साया

(4) 'मोचीराम' हर आदमी को क्या मानता है ?

(a) भगवान (b) दोस्त

(c) एक जोड़ी जूता (d) फटा हुआ जूता

(5) 'आधुनिक हिन्दी काव्य' का संपादक कौन है ?

(a) डॉ. मायाशंकर (b) डॉ. दयाशंकर

(c) डॉ. भवानीशंकर (d) डॉ. गौरीशंकर

(ब) सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए ।

(1) 'दो हाथियों की लड़ाई' में सबसे ज्यादा _________ कुचली जाती है । (मिट्टी, घास, चीटिंयाँ)

(2) एक तीसरा आदमी भी है, जो सिर्फ रोटी _________ है । (बेलता, से खेलता, को खाता)

(3) दुष्यंतकुमार को विशेष ख्याति _________ क्षेत्र में मिली । (कविता-ग़ज़ल, कहानी-एकांकी, रेडियोनाटक-नाटक)

(4) किसनिया और सुरजा _________ कविता के पात्र हैं । (मालिक आप नाहक नाराज हैं, तानाशाह की खोज, मरना)

(5) कवि सुल्तान अहमद _________ विचारों के कवि हैं । (छायावादी, प्रयोगवादी, प्रगतिवादी)

(क) सही जोड़े मिलाइए ।

अ	ब
(1) हिन्दी, उर्दू और गुजराती तीनों भाषाओं में लिखते हैं ।	(a) सुल्तान अहमद
(2) काव्य-नाटक 'एक कंठ विषपायी' काफी लोकप्रिय है ।	(b) कमल प्रसाद
(3) 'कल सुनना मुझे' पर अकादेमी पुरस्कार मिला ।	(c) उदय प्रकाश
(4) अपने घर-परिवार, पास-पड़ोस के मार्मिक चित्र प्रस्तुत किए ।	(d) धूमिल
	(e) दुष्यंतकुमार

____